रजिस्ट्री सं. डी.—(डी. एन.)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 19] नई दिल्ली, शनिवार, मई 10, 1986 (वैशाख 20, 1908)

No. 19] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 10, 1986 (VAISAKHA 20, 1908)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड-1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	367
भाग I—खण्ड-2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	539
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गये संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	—
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	669
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड-1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड-3-उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	18093
भाग III—खंड 2—पैटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	321
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	941
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	75
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

1—51 GI/86

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) ..	367
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	539
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4—Notification regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	669
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, by-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by general Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	18093
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	321
PART III—SECTION 3—Notification issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	941
PAR IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	75
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	*

*Folio Nos. Not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिसर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and the Supreme Court]

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 16 अप्रैल 1986

सं० 13019/2/85-जी० पी० I—इस मंत्रालय की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 27-9-1985 के अधीन गठित गृह मंत्री की दादरा और नगर हवेली से संबंधित सलाहकार समिति की 1-5-1985 से 31-3-1986 तक की अवधि को 31-5-1986 तक बढ़ाया जाता है।

2 श्रीमती कोकिला बेन धिरूभाई भाया, नाना राँधा, खोरीपाडा को श्रीमती सुशीलाबेन बी० भीमरा के स्थान पर सलाहकार समिति के गैर सरकारी सदस्य के रूप में मनोनीत किया जाता है।

सुरेन्द्र कुमार,
निदेशक

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अप्रैल 1986

आदेश]

सं० ओ०-12012/9/83-प्रोड०—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 5 के उपनियम (1) की धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, देहरादून (जिसे इसके बाद आयोग कहा जायेगा) को रत्ना (आर०-12) संरचना अपतट में 67-93 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र के लिए पैट्रोलियम अन्वेषण के लिए 11 फरवरी, 1981 से 20 वर्षों के लिए एक खनन पट्टे की स्वीकृति देती है जिसके विवरण इस आदेश से संलग्न अनुसूची (क) में दिये गये हैं।

2. खनन पट्टे की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों पर है :—

(1) खनन पट्टे केवल पेट्रोलियम के सम्बन्ध में होगा।

(2) यदि अन्वेषण के दौरान पेट्रोलियम के अतिरिक्त कोई अन्य खनिज पदार्थ पाये गये तो आयोग सम्पूर्ण ब्यौरों सहित उसे केन्द्रीय सरकार के ध्यान में लायेगा।

(3) (1) समस्त अशोधित तेल तथा केसिंग हैड कंडेन्सेट पर 61 रुपये प्रति मी० टन या ऐसी दर जो समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित की जायेगी।

(2) प्राकृतिक गैस के सम्बन्ध में रायल्टी की दरें वे होंगी जो केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जायेंगी।

(3) रायल्टी की अदायगी पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली के वेतन तथा लेखा अधिकारी को की जायेगी।

(4) आयोग पट्टे के अनुसरण में प्रत्येक माह के प्रथम 7 दिनों के अन्दर पिछले माह में प्राप्त समस्त अशोधित तेल की मात्रा, केसिंग हैड कंडेन्सेट और प्राकृतिक गैस की मात्रा तथा उसका कुल उचित मूल्य दर्शाने वाला एक पूर्व और उचित विवरण केन्द्रीय सरकार को भेजेगा। यह विवरण संलग्न अनुसूची "ख" में दिये गये प्रपत्र में भरकर देना होगा।

(5) आयोग पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 13 की अपेक्षाओं के अनुसार 20,000 रुपये की धनराशि प्रतिभूति के रूप में जमा करेगा।

(6) आयोग केन्द्रीय सरकार के पास (1) 2000/- रुपये तक की राशि प्रारम्भिक खर्चों को पूरा करने और 5000/- रुपये तक की राशि पट्टे की स्वीकृति देने से पूर्व खनन पट्टा फीस के रूप में जमा करायेगा।

(7) आयोग केन्द्रीय सरकार को प्रति वर्ष निम्नलिखित दरों पर निर्धारित वार्षिक डीड किराया अदा करेगा :—

इससे सम्बन्धित एक भाग के लिए पहले 100 वर्ग किलोमीटर के लिए प्रति हैक्टर अथवा इसके किसी अंश के लिए 12.50 रुपये और प्रथम 100 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र से अधिक के लिए प्रति हैक्टर अथवा उसके किसी अंश के लिए 25/- रुपये बशर्ते कि पट्टेधारी केवल डीड किराया अथवा रायल्टी दोनों में जो राशि से अधिक हो परन्तु दोनों नहीं, अदा करेगा।

(8) आयोग केन्द्रीय सरकार को इस पट्टे के अधीन आयोजित परिचालनों के प्रयोजन के लिए वास्तविक रूप से भूमि के सतही क्षेत्र का उपयोग करने के लिए, ऐसी दरों पर सतही किराया अदा करेगा जो भूमि राजस्व और भूमि पर मूल्यांकन योग्य और मूल्यांकित उपकरों के अधिक नहीं हो जैसा कि समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(9) आयोग केन्द्रीय सरकार को प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई और 1 जनवरी को अर्धवार्षिक रायल्टी की अदायगी करेगा।

(10) आयोग केन्द्रीय सरकार की मांग पर तत्काल से तेल एवं प्राकृतिक गैस के अन्वेषण और उत्पादन के दौरान पाये गये सभी खनिज पदार्थों के सम्बन्ध में भूवैज्ञानिक आंकड़ों के बारे में एक पूर्ण रिपोर्ट गुप्त रूप से देगा तथा हर छः महीने में केन्द्रीय सरकार को सभी परिचालनों, बेधन और उत्पादन के सम्बन्ध में निश्चित रूप से सूचना देगा।

(11) आयोग समुद्र की सतहटी और अथवा उसके धरातल पर आग लगने संबंधी निवारक उपायों की व्यवस्था करेगा तथा आग बुझाने के लिए हर समय के लिए ऐसे उपकरण, सामान तथा साधन बनाये रखेगा और तीसरी पार्टी और/अथवा सरकार को उतना मुआवजा देगा जितना कि आग लगने से हुई तबाही के बारे में निर्धारित किया जाएगा।

(12) इस खनन पट्टे पर तेल क्षेत्र (नियंत्रण एवं विकास) अधिनियम, 1948 (1948 का 53) और पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के उपबन्ध लागू होंगे।

(13) आयोग आंकड़ों का संकलन भारत में करेगा।

(14) आयोग समुद्री विज्ञान आंकड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

(15) आयोग आंकड़ों का एक पूरा सेट चीफ हाइड्रोग्राफर, देहरादून को निःशुल्क सप्लाई करेगा।

(16) विदेशी जलपोत/रिगों का वास्तविक रूप में काम में लाने से पहले विशेषज्ञ अधिकारियों के एक दल द्वारा मुख्य नौसेना बेस पर नौसेना सुरक्षा निरीक्षण किया जाता है आयोग प्रत्येक जलपोत/रिग की किस्म, वजन, आकार आदि का सम्बन्ध में विवरणों की आठ प्रतियां नौसेना मुख्यालय को इनके बेस पर आने के छः सप्ताह पहले भेजेगा। ताकि विशेषज्ञों की समय पर प्रतिनियुक्ति हो सके।

(17) आयोग पेट्रोलियम खनन पट्टे की डीड को केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकृत फार्म के रूप में कार्यान्वित करेगा।

(18) इस पट्टे के अधीन सरकार को देय किराया, रायल्टी कर, फीस और अन्य धनराशि बकाया भूमि राजस्व के रूप में वसूल की जायेगी।

पी० के० राजगोपालन, डैस्क अधिकारी

67.93 वर्ग किलोमीटर के रत्ना (आर-12) संरचना क्षेत्र में पाइंटों को निर्दिष्ट करने का विवरण

पाइन्ट	अक्षांश	रेखांश
क.	18° 19″ 30″ एन	72° 21″ 00″ ई
ख.	18° 19″ 30″ एन	72° 24″ 30″ ई
ग.	18° 13″ 30″ एन	72° 24″ 30″ ई
घ.	18° 13″ 30″ एन	72° 21″ 00″ ई

अनुसूची-च

अशोधित तेल, कंडेंसिंग कन्डेन्सेट तथा प्राकृतिक गैस के उत्पादन तथा उसके मूल्य सहित मासिक विवरण के लिए पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस

क्षेत्रफल : वर्ग किलो मीटर

माह तथा वर्ष

क—अशोधित तेल

कुल प्राप्त किलोलीटरों की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये मी० टनों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किए गए मी० टनों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त मी० टनों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ख—कंडेंसिंग हैड कन्डेन्सेट

प्राप्त किए गए कुल मी० टनों की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाए किलो मी० टनों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किए गए मी० टनों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त मी० टनों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ग—प्राकृतिक गैस

कुल प्राप्त घन मीटरों की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाए गए घन मीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पेट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किए गए घन मीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त घन मीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

एतद्द्वारा मैं, श्री----------सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा एवं पुष्टि करता हूं कि इस विवरण में दी गई सूचना पूर्ण रूपेण सत्य और सही है, उसे सही समझते हुए मैं शुद्ध अन्तःकरण से सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करता हूं।

हस्ताक्षर----------

औद्योगिक विकास विभाग

तकनीकी विकास महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अप्रैल 1986

संकल्प

सं० सरे-11(21)/86--भारत सरकार ने भारत के राजपत्र में इस संकल्प को प्रकाशित होने की तिथि से 2 वर्ष की अवधि के लिए सरेमिक उद्योग की विकास नामिका का पुनर्गठन करने का निर्णय किया है, जिसकी संरचना निम्न प्रकार से है--

1. श्री एन बिश्वास, अध्यक्ष
उपमहानिदेशक,
तकनीकी विकास महानिदेशालय,
नई दिल्ली

2. श्री एच० एल० सोमानी, सदस्य
अध्यक्ष,
मैसर्स हिन्दुस्तान सैनिटरी वेयर्स,
एण्ड इंडस्ट्रीज लि०,
2, रेड क्रॉस प्लेस,
कलकत्ता-700001

3. श्री जी० के० भगत, सदस्य
मैसर्स बंगाल पॉटरीज लि०,
थापर हाउस, 25,
ब्राबोर्न रोड,
कलकत्ता-700001

4. सी० जी० सी० आर० आई०, सदस्य
कलकत्ता के प्रतिनिधि

5. श्री वी० श्रीनिवासन, सदस्य
प्रबन्ध निदेशक,
मैसर्स डब्ल्यू० एस० इन्सुलेटर्स ऑफ इन्डिया लि०,
पोरुर, मद्रास-602104

6. श्री बी० डी० कोठारी, सदस्य
मैसर्स मधुसूदन वेजिटेबिल प्रोडक्ट्स कं० लि०,
(सरेमिक डिवीजन),
9, जी० आई० डी० सी० इन्डस्ट्रियल स्टेट, काड़ी-382715,
जिला- मेहसना (गुजरात)

7. मैसर्स जयश्री इन्सुलेटर्स, सदस्य
रिसरा, जिला-हुगली
(पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि)

8. विकास आयुक्त, सदस्य
लघु उद्योग का कार्यालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011
के प्रतिनिधि

9. श्री वेद कपूर, सदस्य
अध्यक्ष,
मैसर्स हितकारी पाटरीज लि०,
वंदना, 11वीं मंजिल,
11, टॉलस्टाय मार्ग,
नई दिल्ली-110001

10. श्री अशोक ए० गनपुले, सदस्य
प्रबन्ध निदेशक,
मैसर्स पुरुषोत्तम पोटरी वर्क्स कं० लि०,
मोरबी 363 642 (गुजरात)।

11. श्री आर० एम० मेहरा, सदस्य
मैसर्स नवैली सरेमिक्स एण्ड रिफैक्टरीज लि०,
109, ननगामबक्कम् हाई रोड,
मद्रास-600034

12. मैसर्स भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि०, सदस्य
(इलेक्ट्रो-पोरसिलिन प्रभाग)
बंगलौर-560012 के प्रतिनिधि

13. मै० स्पार्टेक सरेमिक्स (इंडिया) लि०, सदस्य
52, चेमियर्स रोड,
मद्रास-600028 के प्रतिनिधि,

14. मै० फैरो कोटिंग्स एण्ड कलर्स लि०, सदस्य
कलकत्ता के प्रतिनिधि

15. मै० ज्योति सरेमिक्स इण्डस्ट्रीज प्रा० लि०, सदस्य
सी-21, एन० आई० सी० ई० सतपुर,
नासिक-422001

16. श्री ओम कपूर, सदस्य सचिव
विकास अधिकारी,
तकनीकी विकास महानिदेशालय,
उद्योग भवन,
नई दिल्ली-110011

17. श्री बी० भनोत, सदस्य सचिव
औद्योगिक सलाहकार,
तकनीकी विकास महानिदेशालय

नामिका के विचारार्थ विषय निम्नलिखित हैं:--

1. सरेमिक उद्योग के विकास की वर्तमान अवस्था पर विचार करना एवं उसके त्वरित विकास के लिए अभ्युपायों के बारे में सिफारिश करना।

2. सरेमिक तथा सरेमिक के सामान की विभिन्न आवश्यकताओं का राज्यवार/क्षेत्रवार अध्ययन करना तथा बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और अधिक उत्पन्न करने के के बारे में सुझाव देना।

3. औद्योगिकी एवं किस्म के उन्नयन सहित भावी औद्योगिकीय आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगाना।

4. विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं को बढ़ावा देना।

5. जिस सीमा तक मानकीकरण कर लिया गया है उनकी जांच करना तथा भारतीय मानक संस्थान के परामर्श से और अधिक मानकीकरण में विशिष्ट कार्यक्रमों को प्रस्तुत करना।

6. देशी और आयातित दोनों प्रकार की मशीनरी आदि की आवश्यकता पर विचार करना।

7. कच्चे माल और उर्जा निवेश एवं उनके संरक्षण/ प्रतिस्थापन पर विचार करना।

8. वर्तमान एककों का आधुनिकीकरण करना।

9. आयात प्रतिस्थापन/निर्यात संवर्धन।

10. तकनीकी कर्मचारियों की आवश्यकता और उनको प्रशिक्षण देना।

11. कोई अन्य उपयुक्त विषय।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक एक प्रति सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाए। यह भी आदेश दिया जाता है कि आम सूचना के लिए इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

के० सी० गंजवाल, निदेशक (प्रशासन)

शिक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 20 दिसम्बर 1985

संकल्प

विषय :—राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् से सम्बन्धित कार्यबल द्वारा संगठनात्मक सुधार से सम्बन्धित रिपोर्ट पर आदेश।

सं० एफ० 24-1/84 स्कूल-4—राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् की स्थापना वर्ष 1961 में एक स्वायत्त संगठन के रूप में, उन विभिन्न विशिष्ट प्रयोजन संस्थाओं, जिन्हें शिक्षा मंत्रालय में पहले स्थापित किया था, को मिला कर शिक्षा मंत्रालय के अधीन की गई थी। इन संस्थाओं-पाठ्यपुस्तक अनुसंधान और शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन, राष्ट्रीय मूल शिक्षा तथा दृश्य श्रव्य संस्थानों आदि की स्थापना भारत सरकार द्वारा माध्यमिक शिक्षा आयोग, 1953 की सिफारिश स्वीकृत करने के बाद की गई थी। इन संस्थाओं को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य स्कूल प्रणाली के लिए शैक्षिक निवेशों की व्यवस्था करना था ताकि इसकी कोटि में सुधार किया जा सके। रा० शै० अनु० प्र० परिषद् जैसी समस्त प्रयोजन वाली संस्था की वांछनीयता स्कूल शिक्षा की कोटि में सुधार करने की एक व्यापक तथा एकीकृत योजना विकसित करने की आवश्यकता के परिणामस्वरूप सामने आई।

2. परिषद् के संघ के ज्ञापन में उस भूमिका का मोटे तौर पर उल्लेख है जिससे परिषद् से यह आशा की जाती है कि वह देश के शैक्षिक विकास में निभाएगी। ज्ञापन में परिषद् का यह मुख्य कार्य बताया गया है कि परिषद् शिक्षा, विशेष रूप से स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय को उनकी नीतियों और प्रमुख कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में सहायता करेगी तथा सलाह भी देगी। इन उद्देश्यों को पूरा करने के सम्बन्ध में आशा की जाती है कि परिषद् निम्नलिखित कार्य करेगी :—

(क) स्कूली शिक्षा की सभी शाखाओं में अनुसंधान करना, सहायता प्रदान करना, प्रोत्साहित करना तथा उसका समन्वय करना।

(ख) मुख्य रूप से उच्च स्तर पर पूर्व सेवा और सेवारत शिक्षण आयोजित करना।

(ग) शैक्षिक पुनर्गठन में लगी संस्थाओं, संगठनों तथा एजेन्सियों के लिए विस्तार सेवा आयोजित करना।

(घ) उन्नत शैक्षिक तकनीकों, प्रणालियों तथा नव परिवर्तनों को विकसित करके उनका प्रयोग करना।

(ङ) शैक्षिक सूचना एकत्र करना, संकलित करना तथा उसका प्रसार करना।

(च) स्कूल शिक्षा के गुणात्मक सुधार के कार्यक्रम विकसित करने और उन्हें कार्योन्वित करने में लगी राज्य स्तरीय संस्थाओं, संगठनों और एजेंसियों को सहायता प्रदान करना।

(छ) यनेसिक यनेस्को आदि जैसे अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों और अन्य देशों की राष्ट्रीय स्तर की शैक्षिक संस्थाओं के साथ सहयोग करना।

(ज) दूसरे देशों के शैक्षिक कार्मिकों को शिक्षण और अध्ययन की सुविधाएं प्रदान करना, और

(झ) राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् के लिए शैक्षिक सचिवालय के रूप में कार्य करना।

3. ज्ञापन में रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद् के संगठन और कार्यों की आवधिक समीक्षाओं की भी व्यवस्था है, ताकि इसको अधिक कारगर बनाया जा सके। रा० शै० अनु० प्र० परिषद् की पूर्णरूप से या इसके कुछ अंगों/कार्यकलापों की बहुत सी समीक्षाएं की जा चुकी हैं, इसके प्रमुख कार्यों की समीक्षा नागचौधरी समिति द्वारा 1968 में भारत प्रशासनिक स्टाफ कालेज द्वारा 1977 और श्री पी० सबानायगम (भूतपूर्व) शिक्षा सचिव द्वारा 1979 में की गई थी।

4. वर्ष 1978 में शिक्षा मंत्रालय के वार्षिक और योजनागत प्रस्तावों पर विचार करते समय योजना आयोग ने यह सुझाव दिया था कि रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद् के ढांचे और इसके कार्यक्रमों की समीक्षा एक स्वतंत्र समिति द्वारा गहराई से की जानी चाहिए ताकि स्कूल शिक्षा को कार्यात्मक और उद्देश्य पूर्ण बनाने में अपेक्षित शैक्षिक तथा तकनीकी सहायता प्रदान करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला जा सके।

5. लोक लेखा समिति द्वारा इन सब बातों पर वर्ष 1981 में उस समय विचार किया गया था जबकि समिति ने रा० शै० अनु० प्र० परिषद् के विभिन्न पहलुओं की जांच की थी। लोक लेखा समिति (7वीं लोक सभा) ने अपनी 48वीं रिपोर्ट में रा० शै० अ० प्र० परिषद् के कार्य और इसकी प्रगति के सम्बन्ध में कई सिफारिशें की थीं। उनकी रिपोर्ट के पैरा 7.16 को निम्नलिखित रूप में पढ़ा जाये।

"समिति ने रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद् के समुचित कामकाजों में रुकावट पैदा करने वाले तत्वों और खामियों की ओर अपनी रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित किया है। इस तथ्य के बावजूद भी कई वर्षों तक इसके कामकाज की कई समीक्षाएं की गई थीं। समिति को यह पता चला है कि रिपोर्टों में की गई अनेक सिफारिशें कार्यान्वयन की महत्वपूर्ण स्थिति में सभी नहीं पहुंची है। अतः समिति का सुझाव यह है कि एक कार्यबल जिसमें मंत्रालय, रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद् के प्रतिनिधि तथा कुछ विख्यात शिक्षा विद हों, रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद् के पुनर्गठन की तत्कालिक समस्या पर निर्धारित अवधि के अन्दर शीघ्र विचार करने के लिए गठित किया जाना चाहिए ताकि इसको गतिशील, रचनात्मक और संघीय प्रजातांत्रिक गणराज्य की शैक्षिक प्रणाली सहायता प्रभावी रूप से सहायता करने वाली राष्ट्रीय लाभप्रद भूमिका को पुनः स्थापित किया जा सके। सम्भवतः ऐसा कार्यबल, ऊपर के पैरा ग्राफों में संबंधित विभिन्न समितियों की रिपोर्टों में की गई विभिन्न सिफारिशों और सुझावों से मार्गदर्शन तथा सहायता प्राप्त करेगा"।

6 इस सिफारिश के अनुसरण में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने इस प्रकार का कार्यबल निम्नलिखित विचारार्थ विषयों को लेकर श्रीमती माधुरी शाह अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अध्यक्षता में गठित करने का निर्णय लिया था।

(i) रा० शै० अनु० प्र० परिषद के संघ के ज्ञापन में इसके लिए निर्धारित दीर्घ कालीन और पंकालीन लक्ष्यों के संदर्भ में इसके द्वारा किये गए कार्यों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करना।

(ii) पिछली समितियों, विशेष रूप से लोक लेखा समिति द्वारा की गई सिफारिशों की समीक्षा करना जिससे परिषद के भावी विकास के लिए उनकी प्रासंगिकता और महत्व को निर्धारित किया जा सके।

(iii) परिषद के लिए वैकल्पिक संगठनात्मक ढांचे का सुझाव देना ताकि इसको स्कूली शिक्षा में, विशेष रूप से इसकी कार्य कुशलता और कार्य में सुधार लाने के दृष्टिकोण से भावी शैक्षिक विकास की उभरती हुई चुनौतियों का सामना करने के योग्य बनाया जा सके।

(iv) उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए परिषद के लिए समग्र प्रबंध और निर्णय करने वाले ढांचों और प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में सुझाव देना।

कार्यबल की रिपोर्ट अब प्राप्त हो चुकी है और रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद द्वारा व्यक्त किये गये विचारों को ध्यान में रखकर भारत सरकार द्वारा इसकी सिफारिशों की जांच की गई है। कार्यबल की मुख्य सिफारिशों के सम्बन्ध में सरकार के निर्णय निम्नलिखित हैं :—

समग्र परिप्रेक्ष्य (सिफारिश संख्या 1-4 तक)

सिफारिश संख्या 1 में यह बताया गया है कि रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद को स्कूल शिक्षा पर ही समुचित ध्यान देना चाहिए, यह पहले से ही ध्यान दे रही है। सरकार का यह विचार है कि रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद् को अनिवार्यतः स्कूल शिक्षा पर ही विचार करना चाहिए। तथापि, स्कूल और उच्चतर शिक्षा के बीच कुछ सीमा तक अन्तरापृष्ठ है इस के सम्बन्ध में भी कार्यवाही करनी चाहिए।

सिफारिश सं० 2 में यह बताया गया है कि रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद् के ऊपर प्रौढ़ शिक्षा का कार्य नहीं थोपा जाना चाहिए। रा० शै० अ० तथा प्र० परिषद् इस कार्य को नहीं कर रही है और सरकार ने इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। तथापि रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद् आधुनिक संचार माध्यमिक तथा प्रौद्योगिकी के प्रयोग में अन्य एजेंसियों के साथ सहयोग करना चाहिये।

विषय सं० 3 में यह बताया गया है कि रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद के कार्यक्रम और कार्यकलापों में प्रारम्भिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकता प्रतिबिम्बित होनी चाहिए। मोटे तौर पर ऐसा हो रहा है और सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है।

विषय सं० 4 में यह बताया गया है कि रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद् को स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय विचार स्रोत के रूप में उसकी कार्यक्षमता का विकास करना चाहिए। काफी हद तक ऐसा ही है और सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है।

II. स्कूली शिक्षा में ऐसे विषय जो राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद की भूमिका के अनुकूल हैं (सिफारिश 5–26):

सिफारिश सं० 5 में यह बताया गया है कि एक शिक्षक वाले प्राथमिक स्कूल बहुत बड़ी संख्या में हैं। उनकी उस संख्या को ध्यान में रखते हुए रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद् इन स्कूलों के लिए शिक्षण कार्यक्रम और सामग्री विकसित करेगी। सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है। तथापि रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद को इसके लिए एक उपयुक्त कार्यक्रम विकसित करना होगा।

सिफारिश सं० 6 में यह बताया गया है कि प्रारम्भिक शिक्षा को सबके लिए सुलभ करने में बाधा डालने वाले सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक भाषाई और शैक्षिक तत्वों का पता लगाया जाना चाहिए और उन पर नियन्त्रण करने के लिए उपयुक्त उपाय तैयार किये जाने चाहिए। सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है।

सिफारिश सं० 7 में यह कहा गया है कि लड़कियों के लिए शैक्षिक कार्यक्रम बनाये जाने चाहिएं क्योंकि लड़कियां गैर-दाखिल जनसंख्या का सबसे बड़ा हिस्सा हैं। सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है। फिर भी रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद को इसके लिए एक कार्यक्रम बनाना होगा।

सिफारिश सं० 8 में अध्यापिकाओं को भर्ती करने तथा उन्हें तैनात करने में होने वाली कठिनाई को दूर करने के लिए अध्ययन करने के सम्बन्ध में हैं। सरकार इस सिफारिश से सहमत है।

सिफारिश सं० 9 में यह बताया गया है कि लक्ष्योन्मुख योजना अनुसंधान सहायता के जरिए विकसित की जानी चाहिए सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है। तथापि रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद को विभिन्न लाभ से वंचित वर्गों के लिए कार्यक्रम विकसित करने होंगे।

सिफारिश सं० 10 में यह कहा गया है कि सामान्य स्कूलों में विकलांग बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए उपयुक्त नीतियां तैयार की जानी चाहिए। सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है।

सिफारिश सं० 11 में यह बताया गया है कि गैर-औपचारिक शिक्षा प्रणाली के विस्तार और महत्व को ध्यान में रखते हुए रा० शै० अनु० तथा प्र० परिषद् को पढ़ने वाले विभिन्न वर्गों के लिए प्रासंगिक पाठ्यचर्या विकसित करने के लिए अनुसंधान और प्रयोग विकसित किये जाने चाहिएं। सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है, तथापि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् को इसके लिए एक कार्यक्रम तैयार करना होगा।

सिफारिश सं० 12 यह है कि रा० शै० अनु० प्र० परिषद को पूर्व-प्राइमरी शिक्षकों के लिए उपयुक्त शैक्षिक सामग्री तथा प्रशिक्षण प्रणाली तैयार करनी चाहिए। सरकार ने यह सिफारिश स्वीकार कर ली है। तथापि, रा० शै० अनु० प्र० परिषद् को इस क्षेत्र में कार्यक्रम तैयार करना होगा।

सिफारिश संख्या 13 यह है कि उपयुक्त शिक्षा के प्रबन्ध स्थापित करके शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आधुनिक शैक्षिक प्रौद्योगिकी, विशेष रूप में जन-साधन का प्रयोग किया जाना चाहिए। मात्र इस प्रयोजन हेतु रा० शै० अनु० प्र० प० में सी० आई० ई० टी० को स्थापित तथा सुदृढ़ बनाया गया है और सी० आई० ई० टी० तथा रा० शै० अनु० प्र० परिषद् द्वारा इसके कार्य की देखभाल की जा रही है। सरकार ने इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। तथापि, रा० शै० अनु० प्र० परिषद् को इस क्षेत्र में एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार करना होगा।

सिफारिश सं० 14 में यह है कि सभी स्तरों पर संरचना, पाठ्यचर्या शिक्षण की प्रक्रिया आदि में कोटि तथा अनुस्थापन सम्बन्धी परिवर्तन करने अपेक्षित हैं। रा० शै० अनु० प्र० परिषद् इस आवश्यकता के प्रति सचेत है और उन्होंने इस बात को मद्दे नजर रखते हुए पाठ्यचर्या, पाठ्यविवरण और पाठ्यपुस्तकों में सुधार करने के लिए व्यापक रूप से कार्य-करना आरम्भ कर दिया है। इस प्रक्रिया का पहला भाग था—27-30 मई, 1985 को पाठ्यचर्या-विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन। सरकार इस सिफारिश से सहमत है। तथापि, रा० शै० अनु० प्र० परिषद इस प्रयोजन हेतु एक समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करेगा और इसे कार्यान्वित करेगा।

सिफारिश संख्या 15 में बताया गया है कि पाठ्यचर्या की संशोधित किया जाना चाहिए और बच्चे पर पढ़ाई का कुल भार बढ़ाये बिना उसे अद्यतन किया जाना चाहिए। रा० शै० अनु० प्र० परिषद् ने वर्ष 1984 में पांच राज्यों/संघ शासित क्षेत्र में पाठ्यचर्या भार का अध्ययन किया और उपर्युक्त सिफारिश संख्या 14 में यथा उल्लिखित पाठ्यचर्या को संशोधित किया है। सरकार ने इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया है।

सिफारिश संख्या 16 में यह व्यवस्था है कि उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षा के व्यावसायीकरण में रा० शै० अनु० प्र० परिषद् को उन कुल व्यक्तियों के बारे में विचार करना चाहिए जो अर्थव्यवस्था विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था, में परिवर्तन ला देंगे। सम्बन्धित सिफारिश संख्या 17 यह है कि +2 स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा में +2 स्तर पर सांख्रिक प्रश्नों को शामिल करना चाहिए और औसत छात्र के लिए स्व-रोजगार की संभावना को स्थापित करना चाहिए। सरकार ने यह नोट किया कि व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र से संबन्धित समस्याओं की जांच करने के लिए सरकार द्वारा एक समिति नियुक्त की गई और इसकी रिपोर्ट की शीघ्र आने की आशा है। सरकार इस सिफारिश से सहमत है।

सिफारिश संख्या 18 में यह व्यवस्था है कि मानवतावाद, राष्ट्रवाद और समाजवाद के नैतिक मूल्यों तथा नीति-विषयक और अधिक मूल्यों के पक्ष में एक अनुस्थापन प्रदान किया जाना चाहिए। रा० शै० अनु० प्र० परिषद् इसके प्रति सजग है और उन्होंने इस क्षेत्र में विशिष्ट कार्यक्रम शुरू किये हैं। मंत्रालय ने प्रख्यात इतिहासविदों का एक दल नियुक्त किया है जिसके संयोजक रा० शै० अनु० प्र० परिषद के निदेशक हैं। जो श्रेणीबद्ध तरीके में स्कूलों में स्वतन्त्रता आन्दोलन के इतिहास में शामिल किये जाने के लिए मार्गदर्शी रूप-रेखायें तथा सामग्री देंगे। वांछनीय मूल्यों को मन में बैठाना भी रा० शै० अनु० प्र० परिषद् द्वारा शुरू किए गए पाठ्यचर्या सुधार के लिए अभ्यास का एक अभिन्न भाग है। सरकार यह सिफारिश स्वीकार करती है।

सिफारिश संख्या 19 में यह बताया गया है कि नई चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्व-सेवा शिक्षक शिक्षा की पूरी तरह जांच की जानी चाहिए। शिक्षक शिक्षा का रा० शै० अनु० प्र० परिषद् में एक विभाग और है शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में यह राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद का सचिवालय भी है। शिक्षक-प्रशिक्षण को अब अत्यधिक उच्च प्राथमिकता दी जा रही है और कार्य-दल द्वारा की गई सिफारिश के उद्देश्य को अब पूरा किया जाना चाहिए। सरकार सिफारिश से सहमत है। तथापि, रा० शै०-अनु० प्र० परिषद इस प्रयोजन के लिए एक कार्रवाई-योजना तैयार करेगी।

सिफारिश संख्या 20 यह है कि सभी स्तरों पर सेवाकालीन शिक्षकों के लिए व्यापक और अच्छी सुविधाओं की आवश्यकता है। यह भी सिफारिश की गई है कि माध्यमिक स्कूल शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए विश्वविद्यालयों और कालेजों का एक जाल-तंत्र (नेट-वर्क) होना चाहिए और इस प्रकार उन अध्यापकों को चाहिए कि वे बदले में प्रारंभिक स्कूल शिक्षकों में प्रशिक्षण। जैसा कि ऊपर सिफारिश संख्या 19 में यह बताया गया है कि रा० शै० अनु० प्र० परिषद इस स्थिति से अवगत है। इसके अतिरिक्त वर्ष 1985-86 से आरम्भ होने वाली नई योजना के अन्तर्गत, शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है और इस योजना के अन्तर्गत शिक्षकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण घटक है। विश्वविद्यालयों/कालेजों/स्कूलों का जाल-तंत्र (नेट-वर्क) की बहुत आवश्यकता है लेकिन व्यावहारिक रूप में इस प्रबन्ध और प्रशासन सम्बन्धी समस्यायें पैदा होती हैं। स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालय विभिन्न प्रशासनिक-वर्गों से सम्बन्धित होते हैं और कार्य-क्रमों को एक दूसरे के अनुरूप बनाना निरन्तर एक समस्या बनी हुई है। तथापि, जाल-तंत्र तैयार करने का विचार महत्वपूर्ण है और इसे चरणों में किया जाना चाहिए, पहले से स्कूली-पद्धति में वास्तविक रूप से अनुवाद करते समय और फिर कालेज पद्धति से स्कूल पद्धति को जोड़ते समय सरकार ने सिफारिश मान ली है।

सिफारिश संख्या 21 में यह बताया गया है कि शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए रेडियो और दूरदर्शन जैसे जन-साधनों का गहन रूप से प्रयोग किया जाना चाहिए। रा० शै० अनु० प्र० परिषद् इस क्षेत्र में सक्रिय है सी० आई० ई० टी० और एस० आई० ई० टी० प्रमुख गतिविधियों में से एक गतिविधि शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए कार्यक्रम (रेडियो और दूरदर्शन) तैयार करना है और वर्ष 1986 से यह नियमित रूप से चलती रहनी चाहिए। वर्ष 1985-86 से शुरू की जाने वाली योजना के अन्तर्गत स्कूलों को रेडियो तथा टी० वी० सैट मुहैया कराए जाएंगे और इसी प्रकार से शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं की भी सहायता की जाएगी। सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है।

सिफारिश संख्या 22 में यह व्यवस्था है कि शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए स्वतः शैक्षिक सामग्री और बहुउद्देशीय पैकेजेस का विकास किया जाना चाहिए। रा० शै० अनु० प्र० परिषद् ने इस सम्बन्ध में कुछ काम किया है। इसका पर्याप्त रूप से विकास किया जाना है। सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है।

सिफारिश सं० 23 और 25: सिफारिश संख्या 23 में यह व्यवस्था है कि समस्त स्कूल प्रणाली पर छाए सार्वजनिक परीक्षा की बुराइयों को दूर करने के लिए यह जरूरी है कि छात्रों का सतत मूल्यांकन और एकबार परीक्षण आदि का विकास किया जाए। सिफारिश संख्या 25 में यह व्यवस्था है कि राज्यों में व्याप्त असंगतियों और लापरवाहियों को ध्यान में रखते हुए, परीक्षण-निपुणताओं आदि के लिए एक राष्ट्र-व्यापी पद्धति का विकास किया जाए। एन० सी० टी०-1 ने भी इसी प्रकार की सिफारिश की है। यह एक ऐसा महत्वपूर्ण विषय है जिस पर शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय विशेषज्ञ निकायों का ध्यान केन्द्रित है। प्रत्येक व्यक्ति वर्तमान पद्धति से असंतुष्ट प्रतीत होता है, परन्तु जो व्यावहारिक समस्याएं हैं उनको उपयुक्त पद्धति के रूप में परिभाषित करना बहुत ही कठिन है। सरकार सिद्धान्त रूप में इस सिफारिश को स्वीकार करती है। फिर भी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् से इस प्रकार की योजना की सम्भावना को निर्धारित करने के लिए एक अथवा अधिक विशेषज्ञ ग्रुपों के गठन के लिए और यदि हो सका, तो प्रोटोटाइप का विकास करने के लिए कहा जाएगा।

सिफारिश संख्या 24 में यह बताया गया है कि एक आंकड़े का आधार होना चाहिए जिसके माध्यम से शिक्षा के स्तरों का निरीक्षण किया जाए। सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है। तथापि, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् को यह कार्य एक परियोजना के रूप में आरम्भ करना होगा।

सिफारिश संख्या 26 में यह बताया गया है कि विकासशील प्रतिभा तथा उनका पता लगाने वाले कार्यक्रमों का यथाशीघ्र विकास किया जाना चाहिए और संस्थागत प्रबन्ध तैयार किए जाने चाहिए। यह एक ऐसा प्रश्न है जिस पर समय समय पर विचार किया गया है परन्तु देश में अभी तक इस सम्बन्ध में कोई यथासंभव प्रगति नहीं हुई है। यह समस्या प्रतिभा की परिभाषा और इस का पता लगाने के तौर-तरीकों से सम्बन्धित है और फिर इसको विशिष्ट रूप से बढ़ावा दिया जाए तथा व्यावसायिक जीवन में इसका क्या उद्देश्य होना चाहिए, इस मामले पर विशेषज्ञ ध्यान दे रहे हैं। स्पष्टतया, फिर भी यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। सरकार सिद्धान्त रूप में इस सिफारिश को स्वीकार करती है राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् को यह कार्य एक परियोजना के रूप में आरंभ करने के लिए कहा जाएगा।

III रा० शै० अनु० प्र० परिषद कैसे कार्य करें ? (सिफारिश 27 से 39)

सिफारिश संख्या 27 में यह व्यवस्था है कि सांख्यिकी आधार तथा अनुसंधान आधार को सुदृढ़ बनाने के लिए रा० शै० अनु० प्र० परिषद् में एक नीति अनुसंधान दल का गठन किया जाए। इसे राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषदों और विश्वविद्यालयों में अनुसंधान सम्बन्धी नीति का भी समन्वय करना चाहिए। रा० शै० अनु० प्र० परिषद में शैक्षिक अनुसंधान तथा नव-परिवर्तन समिति नामक एक अनुसंधान मार्ग-दर्शन समन्वयक और अनुश्रवण निकाय है जिसकी नियमित रूप से बैठकें होती रहती है। इसके अलावा, रा० शै० अनु० प्र० परिषद् में पिछले वर्ष यूनेस्को की ए० पी० ई० आई० डी० के सहयोग से भी एक कार्य आरंभ किया गया है। सरकार सिद्धान्त रूप में इस सिफारिश से सहमत है। रा० शै० अनु० प्र० परिषद् इस बात की जांच करेगी कि क्या वर्तमान समितियों को सुदृढ़ बनाना पर्याप्त रहेगा अथवा एक नई समिति की जरूरत होगी।

इस सिफारिश के दूसरे पैरे में यह बताया गया है कि रा० शै० अनु० प्र० परिषद द्वारा सहयोगात्मक अनुसंधान तथा वित-पोषित अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। रा० शै० अनु० प्र० परिषद् द्वारा आरंभ किए गए अनुसंधान कार्य में विभिन्न विषयों की प्राथमिकता पूरी तरह से प्रतिबिम्बित नहीं होती और अनुसंधान कार्य को आगे बढ़ाया जा सकता है। यह भी देखने में आया है कि सहयोगात्मक अनुसंधान रा० शै० अनु० प्र० परिषद के समस्त अनुसंधान कार्य का इस समय एक छोटा सा संघटक है। सरकार सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए इस सिफारिश को स्वीकार करती है, क्योंकि एक ओर रा० शै० अनु० प्र० परिषद् से अनुसंधान का आधार अधिक व्यापक होगा और

दूसरी ओर देश में इस प्रकार के क्रियाकलाप में अनेक अन्य संगठन भी शामिल होंगे और इस प्रकार से विशेषज्ञता को बढ़ावा मिलेगा।

विषय संख्या 28 में यह व्यवस्था है कि रा० शै० अनु० प्र० परिषद को चाहिए कि वह स्कूली शिक्षा के राष्ट्रीय उद्देश्यों का पता लगाए और उनको कार्यान्वित करने के लिए उपयुक्त कार्यक्रम तैयार करे। इस पर रा० शै० अनु० प्र० परिषद द्वारा इस ओर ध्यान दिया जा रहा है और सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है।

सिफारिश संख्या 29 में यह बताया गया है कि नीतियां तैयार करने में रा० शै० अनु प्र० परिषद को भूमिका निभानी चाहिए और इसकी सलाह राज्य शिक्षा विभागों को उपलब्ध होनी चाहिए। जहां तक भारत सरकार का संबंध है, रा० शै० अनु० प्र० परिषद नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने में पूरी तरह शामिल है। फिर भी, रा० शै० अनु० प्र० परिषद की राज्य सरकारों में सहभागिता को सुधारा जा सकता है। सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है।

सिफारिश संख्या 30 में यह व्यवस्था है कि रा० शै० अनु० प्र० परिषद को चाहिए कि वह राज्यों, विशेषकर शैक्षिक रूप से पिछड़े राज्यों को शैक्षिक मामलों में सलाह दे और सहायता करे। रा० शै० अनु० प्र० परिषद कुछ सीमा तक इस ओर ध्यान दे रही है परन्तु इस क्षेत्र में बहुत कुछ किया जा सकता है। सरकार सिफारिश को स्वीकार करती है।

सिफारिश संख्या 31 में यह बताया गया है कि रा० शै० अनु० प्र० परिषद को चाहिए कि वह राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषदों तथा राज्य शिक्षा संस्थाओं को प्रोत्साहित अथवा उनका विकास करे। इस सिफारिश में यह भी उल्लेखनीय है कि इस कार्य के लिए विशेष केन्द्रीय वित्त-सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। सरकार इस सिफारिश के पहले से सहमत है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषदों के लिए मंत्रालय से विशेष वित्तीय-सहायता प्रदान करना संभव न हो सकेगा क्योंकि राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद एक छोटा समूह है। फिर भी, राष्ट्रीय प्रशैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषदों को अनुसंधान तथा अन्य कार्यक्रमों में अधिकाधिक शामिल करके तथा उन्हें संकाय सहायता प्रदान करके, उनके विकास के लिए योगदान कर सकती है।

सिफारिश संख्या 32 में यह व्यवस्था है कि रा० शै० अनु० प्र० परिषद के लिए उपलब्ध गैर-वित्तीय संसाधनों के साथ-साथ राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषदों/राज्य शिक्षा संस्थानों में व्यवसायवाद का विकास किया जाना चाहिए। इस सिफारिश में इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए विशिष्ट उपायों का उल्लेख किया गया है। सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है।

सिफारिश संख्या 33 में यह बताया गया है कि रा० शै० अनु० प्र० परिषद को इसके उद्देश्यों के साथ सामंजस्य का पता लगाना चाहिए इसके आन्तरिक अनुसंधान सीमित तथा प्रवरणात्मक हुए होने चाहिए तथा इसे अधिक से अधिक अनुसंधान करने चाहिए। सरकार इस सिफारिश को स्वीकार करती है।

सिफारिश संख्या 34 यह है कि रा० शै० अ० प्र० परिषद को केवल नवीन तथा प्रयोगात्मक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विकास करना चाहिए तथा सिफारिश संख्या 35 यह है कि केवल नवीन पूर्व-सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम रा० शै० अ० प्र० परिषद के पास रहने चाहिए तथा नेमी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सामान्य शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा देख भाल की जा सकती है। रा० शै० अ० प्र० परिषद के केवल 4 क्षेत्रीय शिक्षा कालेज हैं। अतः संख्या के संदर्भ में इसकी प्रशिक्षण क्षमता सीमित है। देश में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या चूंकि 1,500 है, अतः क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों को सामान्य शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज के पास विशेषज्ञ संकाय है तथा उस स्थिति में शैक्षणिक ताने को अधिक

लाभ होगा यदि क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज अपने आपको केवल नवीन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक ही सीमित रखें। सरकार ने यह सिफारिशें स्वीकार कर ली है। रा० शै० अ० प्र० परिषद इन सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए अपने सभी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा करेगी।

